ADVANCE CERTIFICATE IN SECURITY MANAGEMENT

00963

Term-End Examination

June, 2010

BSEI-001 : DUTY OF SECURITY PERSONNEL

Time : 3 hours *Maximum Marks : 100*

नोट : ***सभी*** *प्रश्न करने* ***अनिवार्य*** *हैं। सभी प्रश्न के अंक उनके सामने दिये गये हैं।*

---

1. (a) ***सही*** व ***गलत*** पर निशान लगाओ : **1x10=10**

(i) आगुंतक अपना काम करके वापिस जाते समय आगुंतक पास को मुख्य द्वार पर जमा करवा देता है। ( ) **1**

(ii) गेट पास सिर्फ अधिकृत किये हुए अधिकारी के द्वारा ही हस्ताक्षरित होने चाहिए। ( ) **1**

(iii) धर्म कांटे पर तोलने वाले वाहन को तेजी के साथ प्लेटफार्म पर खड़ा करना चाहिये। ( ) **1**

(iv) अचम्भे में डालना सुरक्षा का एक सिद्धान्त होता है। ( ) **1**

(v) आग लगना देश के लिये क्षति या नुकसान का एक मुख्य कारण है। ( ) **1**

(vi) रात के समय मुख्य द्वार पर ताला लगाया जायेगा तथा सुबह खोला जायेगा। ( ) 1

(vii) किसी भण्डार की चाबी गुम होने पर इसकी नई चाबी बाजार से बनवा लेना चाहिए। ( ) 1

(viii) कांटेदार तार लगाने के लिये कंकरीट के स्तम्भों का फासला 8' होना चाहिए। ( ) 1

(ix) पहचान पत्र का आकार 3.7" × 4" का होना चाहिए। ( ) 1

(x) उत्सव पर नियन्त्रण के समय लाउड स्पीकर का प्रयोग करना चाहिये। ( ) 1

(b) खाली स्थानों की पूर्ति करें : 10

(i) सुरक्षा कर्मी अपना चार्ज __________ से लेंगे तथा उसकी रिपोर्ट अपने __________ को देंगे। 2

(ii) सुरक्षाकर्मी कभी भी __________ का आयोजन होता है, उसमें अपनी इच्छा से बढचढ़कर भाग लेंगे। 1

(iii) मुख्य द्वार पर तैनात सुरक्षाकर्मी सिर्फ __________ वाहनों को अन्दर जाने देगा। 1

(iv) __________ कर्मचारी ही चाबियाँ निकाल सकता है या जमा करवा सकता है। 1

(v) मैटिरियल दो प्रकार का होता है, __________ तथा __________ । 2

(vi) आत्मरक्षा के अधिकार में की गई कार्यवाही अपराध नहीं होता। यह भारतीय दण्ड संहिता की धारा __________ में वर्णित है। 1

(vii) शरीर व सम्पत्ति की सुरक्षा का अधिकार धारा __________ के तहत दिया गया है। 1

(viii) रात के समय सुरक्षा कर्मी को __________ खड़ा होना चाहिये, जिससे वह टारगेट बनने से बच जाता है। 1

(c) स्तम्भ '**ए**' को स्तम्भ '**बी**' के साथ सही मिलान करे : 4

स्तम्भ-ए	**स्तम्भ-बी**	
(i) आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था	(A) चाबी नियन्त्रण	1
(ii) अशंशोधन	(B) चिंगारी रोधक (Spark Arrester)	1
(iii) अधिकृत कर्मचारी	(C) भीड़ प्रबन्धन	1
(iv) खनिज तेल का टैंकर	(D) धर्म कांटा	1

(d) नीचे दिए गए उत्तरों में से ***सही*** उत्तर का चयन करो : 4

(i) धर्म काँटे पर भारी मालवाहक वाहनों को तोलते समय निम्न बातों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। 1

(A) वाहन को प्लेटफार्म पर धीरे से चला कर बीच में खड़ा करें।

(B) धर्म काँटे का अशंशोधन किया हुआ होना चाहिए।

(C) चालक अथवा सहचालक एवं अन्य सामान की स्थिति खाली एवं भरे हुये वाहन में एक जैसी होनी चाहिए।

(D) उपरोक्त सभी बातों पर।

(ii) चारदिवारी की ऊँचाई का मापदण्ड होता है : 1

(A) 9' - 10 '

(B) 6' - 7'

(C) 7' - 8'

(D) इनमें से कोई नहीं

(iii) वाहनों की चैकिंग करते वक्त ध्यान में रखने वाली विशेष बातों में कौन-कौन सी आवश्यक हैं? 1

(A) लोड चैक करना।

(B) गाड़ी की तलाशी लेना।

(C) रिकार्ड पूरा करना।

(D) उपरोक्त सभी बातें।

(iv) जो कोई अपनी इच्छा से किसी व्यक्ति को किसी भी दिशा में जाने से रोकने के लिये बाधा उत्पन्न करता है, जिस दिशा में जाने का वह अधिकार रखता है। भारतीय दण्ड संहिता में इसको क्या संज्ञा दी गई है? 1

(A) अनुचित बल प्रयोग

(B) अनुचित रोक/प्रतिरोध

(C) अपराधिक बल प्रयोग

(D) बल प्रयोग

2. निम्नलिखित में से ***किन्हीं सात*** पर संक्षिप्त टिप्पणी करो : **7x6=42**

(a) मुख्य द्वार पर सुरक्षाकर्मी के कर्त्तव्य। 6

(b) मुख्य द्वार पर आने वाले आगंतुकों की पहचान करना। 6

(c) भीड़ नियन्त्रण पर विपरीत परिस्थितियों में सुरक्षा कर्मियों के कर्त्तव्य। 6

(d) मानव शरीर की रक्षा तथा सम्पत्ति की रक्षा की धाराएँ कौन-कौन सी हैं? 6

(e) आगंतुकों की अलग-अलग श्रेणियाँ। 6

(f) वाहनों के प्रकार तथा उन पर नियन्त्रण। 6

(g) रिपोर्ट तैयार करना। 6

(h) गोपनीयता। 6

(i) सुरक्षा लैंप कितने प्रकार के होते हैं? इनके लिये दिशा निर्देश के बारे में बताये। 6

(j) प्रांगण का निरीक्षण करना। 6

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं तीन*** का उत्तर दीजिए :

(a) भीड़ इकट्ठा होने के कारणों पर विस्तार से प्रकाश डाले। 10

(b) पहचान पत्र पर क्या-क्या मुद्रित किया हुआ होता है, वर्णन करें। 10

(c) एक बड़ी मालवाहक वाहन माल ले कर मुख्य द्वार पर आता है, आप सुरक्षा कर्मी होने के नाते क्या कार्यवाही करेंगे। 10

(d) आचार संहिता से आप क्या समझते हो? सुरक्षा की आचार संहिता का विस्तार से वर्णन करो। 10

(e) सुरक्षा के मद्देनजर इमारत का निरीक्षण करते वक्त किन किन बातों का ध्यान रखेंगे? 10